(48)

2018/002045

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत – राजस्व लोक अदालत एवं उपखण्ड अधिकारी, लूनकरनसर, कैम्प कोर्ट, ग्राम पंचायत, सत्तीवाला तहसील लूनकरनसर जिला बीकानेर

मघराम उर्फ मांगीलाल बनाम सरकार

किस्म मुकदमा – 88 आरटीए व 136 एलआरएक्ट

नम्बर मुकदमा 83/2018

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29/5/18	आज यह पत्रावली राजस्व लोक अदालत, ग्राम पंचायत, सत्तीवाला पर प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने पर मुरतीब की गई । प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि जमाबंदी सम्वत् 2073-2076 ग्राम जैतपुर 13 के खाता संख्या 536 पर उसका नाम/~~ग्राम का नाम/पिता का नाम/जाति~~ गलत दर्ज चला आ रहा है । प्रार्थी का राशन कार्ड/पहचान पत्र/आधार कार्ड में उसका नाम/ग्राम का नाम/पिता का नाम/जाति मांगीलाल दर्ज है । इस प्रकार राजस्व रिकार्ड व दस्तावेजों में भिन्नता के कारण काफी परेशानी उठानी पडती है । अतः एलआरएक्ट की धारा 136 के तहत दुरूस्ती फरमाई जावे । हमने प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार, लूनकरनसर से रिपोर्ट तलब की । तहसीलदार की रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी की जमाबंदी व दस्तावेजात में भिन्नता लिपकीय भूलवशः होनी नहीं पाई जाती है । प्रार्थी वर्तमान् दस्तावेजात के आधार पर दुरूस्ती करवाना चाहता है, जिसे दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है । हमने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व सलंग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया । प्रकरण एलआरएक्ट की धारा 136 के तहत दुरूस्ती का नहीं होकर जरिये घोषणा रिकार्ड दुरूस्ती का बनता है । अतः प्रकरण धारा 88 आरटीए के तहत दर्ज किया जावे । पैरोकारराज की हैसियत से तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर वाद बादी स्वीकार किया जाकर परिवादी के नाम/~~ग्राम का नाम/पिता का नाम/जाति~~ मघराम के स्थान पर उसका नाम/~~ग्राम का नाम/पिता का नाम/जाति~~ मघराम उर्फ मांगीलाल परिवर्तन की घोषणा की जाती है । तहसीलदार, लूनकरनसर तदनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती करें । पर्चा डिक्री जारी हो । निर्णय आज दिनांक 29/05/2018 को हमारे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तरतीब तकमील संबंधित न्यायालय को प्रेषित हो । 29/05/18 सदस्य राजस्व लोक अदालत — सदस्य राजस्व लोक अदालत — पीठासीन अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी लूनकरनसर उपखण्ड अधिकारी लूणकरणसर	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner